वर्ष 1 - अंक 41
शुक्रवार 10 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

रणजीत टाइम्स


# मध्यभारत का सबसे बड़ा एक्जीबिशन

## "प्लास्टपैक 2025" मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया उद्घाटन

• आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और लाइव मशीन हैं इस आयोजन के मुख्य आकर्षण

• जॉब फेयर और सेमिनार, छात्रों को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

आयोजन 09 10 11 12 JANUARY 2025

**इंदौरः प्लास्टिक और प्लास्टिक से जुड़े उत्पादों के निर्माण से लेकर व्यापार तक विस्तृत जानकारी देने के लिए मध्यभारत के सबसे बड़े एक्जीबिशन प्लास्टपैक 2025 की इंदौर में शुरुआत हुई।**

12 जनवरी 2025 तक इंदौर के लाभगंगा ग्राउंड में आयोजित इस एक्जीबिशन का उद्घाटन मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किया गया। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के साझा प्रयासों से आयोजित यह मध्यभारत का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर है, जिसमें 400 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल कंपनियां प्लास्टिक, पैकेजिंग, और पेट्रोकेमिकल्स से जुड़े प्रोडक्ट्स और तकनीक का प्रदर्शन कर रही है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करना है।

इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, महापौर पुष्य मित्र भार्गव, मधु वर्मा समेत इंदौर शहर के कई विधायकों और नगर अध्यक्षों का स्वागत प्लास्टपैक के चेयरमैन श्री हितेश मेहता द्वारा किया गया।

इस आयोजन का उद्घाटन करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि , "प्लास्टपैक 2025' उन सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो प्लास्टिक उद्योग में नई शुरुआत करना चाहते हैं या अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहते हैं। आज कल लोगो में प्लास्टिक को लेकर बहुत ही नकारात्मक धारणा बनी हुई है जबकि कोरोना काल के समय एक प्लास्टिक ही एक लाइफ सेविंग प्रोडक्ट था, जिस पर वायरस का कोई असर नही हुआ था। इस एक्जीबिशन के माध्यम से हम इसके प्रति लोगो को जागरूक कर पाएंगे। यह प्रदर्शनी प्रदेश को उद्योग और व्यापार में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। यह स्थानीय व्यापारियों और नए उद्यमियों को एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां वे रॉ मटेरियल, मशीनों और बाकि इंडस्ट्रियल यूनिट्स को एक ही स्थान पर पा सकते हैं। हमें आशा है कि प्रदेश की उन्नति के लिए ऐसे आयोजन होते रहेंगे, मध्यप्रदेश शासन और नगर निगम का इस आयोजन में पूरी तरह सहयोग है, और आगे भी बना रहेगा।"

इंडियन प्लास्टपैक फोरम के अध्यक्ष श्री सचिन बंसल ने बताया कि , "इस आयोजन के माध्यम से हम मध्यप्रदेश को एक औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहते है। प्लास्ट पैक 2025' का 700 करोड़ रुपये की मशीनों की बिक्री का लक्ष्य है जिसमे एक्जीबिशन शुरू होने से पहले ही 45 करोड़ की मशीनों की प्री बुकिंग हो चुकी थी और अब तक कुल 200 करोड़ का रेवेन्यु जनरेट हुआ है। हर्ष की बात तो यह है कि 65 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन पहले दिन तक हो चुके है और अगले चार दिन में 1 लाख से ज्यादा विसिटर्स हम उम्मीद कर रहे हैं।




हमारे साथ मध्यप्रदेश से 70 से ज्यादा एक्जिबिटर्स है जिसमे लगभग 50 एक्जिबिटर्स केवल इंदौर के है, वही दूसरी तरफ जापान, जर्मनी, अमेरिका जैसे और भी इंटरनेशनल एक्जिबिटर्स इस आयोजन का हिस्सा हैं। हम इस प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों को अपने राज्य में ही औद्योगिक सुविधाएं देना चाहते है, जिससे उनके समय और पैसे की बचत होगी। साथ ही, मध्यप्रदेश को जीएसटी और अन्य औद्योगिक लाभ भी प्राप्त होंगे। इससे स्थानीय उद्यमियों को बड़े फायदे होंगे।"

## मुख्यमंत्री से मांग करते हुए संचिन बंसल ने कहा

1. एक बड़ा एक्जीबिशन सेंटर इंदौर में होना चाहिए, ताकि इसे बड़े आयोजन सुगमता से किए जा सकें ।
2. इंटरनेशनल कार्गो एयरपोर्ट इंदौर के आसपास हो जहाँ से दुनिया भर के क्षेत्रों से इंदौर सीधे तौर पर जुड़ पाए ।
3. एक प्लास्टिक पार्क, इंदौर के आसपास हो ताकि उद्योग इकोसिस्टम में आ सके और उन्हें रॉ मटेरियल उपलब्ध हो सके
4. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी (सिपेट) इंदौर में हो ताकि वेस्ट मेनेजमेंट पर और भी वृहद स्तर पर काम किया जा सके मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राजेश राठौर ने बताया कि , "इंदौर मध्य प्रदेश की प्लास्टिक इंडस्ट्रीज का एक प्रमुख केंद्र है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आस पास की सारी प्लास्टिक इंडस्ट्री को एक मंच पर इकठ्ठा करना है। इस आयोजन के माध्यम से नए और स्थापित उद्यमियों को रॉ मटेरियल, मशीनरी, और मार्केटिंग के साधन एक ही स्थान पर मिलेंगे जिससे वे अपनी इंडस्ट्री को एक पैकेज दे पाएंगे, प्लास्टिक उद्योग में आगे जाने वाले लोगो के लिए यह आयोजन फायदेमंद साबित होगा। इस एक्जीबिशन को एक्स्प्लोर कर, वे काफ़ी सारी नई तकनीक सीख सकते है, साथ ही लाइव मशीन स्क्रीनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और रोबोटिक्स के साथ इस कार्यक्रम में जॉब फेयर और सेमिनार भी आयोजित किए गए हैं, जिससे छात्रों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और स्थानीय व्यापारियों अपनी व्यवसाय के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे।

### इंडियन प्लास्टपैक फोरम के सचिव अंकित भारूका ने कहा

कि, "मध्य प्रदेश का इंदौर वास्तव में देखा जाए तो भारत के विकास का एक दौर है। भारत के मध्य में बसा यह शहर संभावनाओं को लगातार आकर्षित कर रहा है और इन्हीं संभावनाओं में 'प्लास्ट पैक 2025' एक मील का पत्थर बनके उभरा है। प्लास्टिक मनुष्य जीवन की अहम आवश्यकता है, और इसका कितने क्षेत्रों में विस्तार है उसे समझना हो तो वह प्लास्ट पैक फोरम द्वारा आयोजित 'प्लास्ट पैक 2025' आयोजन में आ कर देख सकते है। यह आयोजन मध्य प्रदेश में प्लास्टिक इंडस्ट्रीज क बढ़ते हुए वर्चस्व को बताने वाला है, इस प्रदर्शनी से यह स्पष्ट होता है की हमारे देश में किस प्रकार से प्लास्टिक का उपयोग और उत्पादन हो रहा है, हमारे देश ने कितनी तरक्की की है और प्लास्टिक के क्षेत्र में कितने नए-नए आयाम उत्पन्न हुए हैं वह इस आयोजन में देखने को मिल सकता है। यह आयोजन प्रदेश को एक नई दिशा देगा, मै आप सभी को इसकी शुभकामनाये देता हूँ।"

# क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को शिवपुरी पहुंचे



शिवपुरी गुरुद्वारा चौक पर सिंधिया समर्थक राकेश गर्ग टिल्लू भैया एवं उनकी गुरुद्वारा टीम की हुंकार। नारो से गूंजी सिंधिया सिंधिया सिंधिया स्वागत में जमकर फूट पटाखे

**रणजीत टाइम्स ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी। गुरुद्वारा चौक पर सिंधिया समर्थक राकेश गर्ग टिल्लू भैया एवं उनकी गुरुद्वारा टीम की हुंकार। नारो से गूंजी सिंधिया सिंधिया सिंधिया वही दूसरी ओर राकेश गर्ग टिल्लू भैया एवं उनकी समस्त टीम ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया राकेश गर्ग टिल्लू भैया के नेतृत्व में भाजपा के साथ-साथ भारी संख्या में एकत्रित समर्थकों व कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का उमंग व उत्साह के साथ स्वागत किया गया। यहां भारी संख्या में एकत्रित भीड ने सिंधिया के चेहरे पर अपूर्व खुशी ला दी, जिससे वे गदगद दिखे। यही नहीं बाद में सामने दिखने पर सिंधिया ने इसके लिए भाजपा समर्थक राकेश गर्ग टिल्लू की पीठ भी थपथपाई। वहीं दूसरी ओर माधव नेशनल टाइगर रिजर्व के नाम से जाना जाएगा

उन्होंने कहा- यहां बाघों की पुनः बसाहट के लिए वह लंबे समय से प्रयासरत थे। आज उनके सहयोग से अब माधव नेशनल पार्क माधव नेशनल पार्क नहीं रहा बल्कि माधव नेशनल टाइगर रिजर्व बन चुका हैं। इसके लिए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने स्वीकृति दे दी हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव का बहुत सहयोग रहा।

यहां पिछले साल 10 मार्च को एक नर और दो मादा बाघ को छोड़ा गया था। लेकिन, अब माधव नेशनल पार्क में बाघों की संख्या बढ़ गई हैं। अब अप्रैल माह से पहले दो टाइगर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिन्हें सेलिंग क्लब जॉन में छोड़ा जाएगा। माधव नेशनल टाइगर रिजर्व के नाम से जाना जाएगा

उन्होंने कहा- यहां बाघों की पुनः बसाहट के लिए वह लंबे समय से प्रयासरत थे। आज उनके सहयोग से अब माधव नेशनल पार्क माधव नेशनल पार्क नहीं रहा बल्कि माधव नेशनल टाइगर रिजर्व बन चुका हैं। इसके लिए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने स्वीकृति दे दी हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव का बहुत सहयोग रहा।

यहां पिछले साल 10 मार्च को एक नर और दो मादा बाघ को छोड़ा गया था। लेकिन, अब माधव नेशनल पार्क में बाघों की संख्या बढ़ गई हैं। अब अप्रैल माह से पहले दो टाइगर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिन्हें सेलिंग क्लब जॉन में छोड़ा जाएगा। शिवपुरी का नाम विश्व पटल पर लाने का प्रयास

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि एक ओर माधव नेशनल पार्क अब माधव नेशनल टाइगर रिजर्व बन चुका हैं। वहीं अब रोजगार के लिए शिवपुरी में अडाणी ग्रुप की जैकेट फैक्ट्री, ढाई हजार करोड़ का डिफेंस का प्लांट भी बनना हैं। यहां जल्द एयरपोर्ट भी बनाना हैं। वह शिवपुरी को विश्व पटल पर लाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने बताया कि नेशनल पार्क के झील की बाउंड्री सहित सेलिंग क्लब और नेशनल पार्क से जुड़ी पुरानी इमारतों के लिए 40 करोड़ की डीपीआर तैयार की जा रही हैं। जल्द यह काम भी शुरू हो जाएगा।

# इंदौर बना ऐतिहासिक क्षण का साक्षी

**राजवाड़ा पर भगवान विष्णु के दर्शन के लिए उमड़े हजारों भक्त**



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इंदौर। इंदौर के राजवाड़ा स्थित महालक्ष्मी मंदिर के सामने आज एक ऐतिहासिक और भव्य दृश्य देखने को मिला, जब भगवान विष्णु की 24 करोड़ रुपये की पंचधातु से बनी 21 टन वजनी अद्भुत प्रतिमा भक्तों के दर्शन के लिए रखी गई। यह दुर्लभ क्षण इंदौरवासियों के लिए अद्वितीय बन गया, जब शेषशायी भगवान विष्णु की प्रतिमा को पहली बार सार्वजनिक दर्शन के लिए प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, महाराष्ट्र जलगांव से सांसद स्मिता वाघ और उदयपुर के महापौर गोविंद सिंह टांक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भगवान के दर्शन के लिए हजारों भक्त महालक्ष्मी मंदिर के पास राजवाड़ा में उमड़े।

## इंदौर बना ऐतिहासिक क्षण का साक्षी

आज का दिन इंदौर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा, जब भगवान विष्णु की अद्भुत पंचधातु प्रतिमा महालक्ष्मी मंदिर के सामने राजवाड़ा में दर्शन देने के लिए रखी गई। ऐसा प्रतीत हुआ जैसे स्वयं भगवान विष्णु ने इंदौर की भूमि पर कदम रखा हो। यह क्षण न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी ऐतिहासिक बन गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य किया। राजवाड़ा के महालक्ष्मी मंदिर के सामने भगवान विष्णु के आगमन ने इस स्थान को भक्तों के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल में परिवर्तित कर दिया। यह जोड़ पूरे आयोजन को और भी खास बनाता है, क्योंकि भगवान विष्णु के दर्शन का यह अवसर इंदौरवासियों के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं था।

## प्रतिमा की भव्यता और धार्मिक महत्व

यह पंचधातु की प्रतिमा 11 फीट लंबी और 21 टन वजनी है, जिसमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश का अद्भुत समावेश है। भगवान विष्णु को शेषनाग पर विराजमान दिखाया गया है। उनकी नाभि में भगवान ब्रह्मा विराजमान हैं, और उनके चरणों में माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित है। भगवान के समक्ष गरुड़ जी की मूर्ति भी प्रतिष्ठित है, जिसमें अष्ट नाग दर्शाए गए हैं। भगवान नारायण को पुष्प से भगवान शिव की पूजा करते हुए दिखाया गया है। इस अद्वितीय प्रतिमा को बनाने में साढ़े चार साल का समय लगा और इसे मध्यप्रदेश और राजस्थान के कारीगरों ने मिलकर तैयार किया।

## दर्शन और शोभायात्रा

आज सुबह 9 बजे से करीब ढाई घंटे तक यह प्रतिमा राजवाड़ा में रखी गई, जहां मंत्रोच्चार के साथ भक्तों ने तुलसी दल अर्पित कर भगवान के दर्शन किए। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया, और चारों ओर "जय नारायण" के जयकारे गूंजने लगे।

दर्शन के बाद प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में राजवाड़ा से गांधी हॉल तक ले जाया गया। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह प्रतिमा अब महाराष्ट्र के शहादा ले जाई जाएगी, जहां 11 जनवरी को इसे मंदिर में स्थापित किया जाएगा।

## शहादा में भक्ति महोत्सव

11 जनवरी को शहादा पहुंचने के बाद प्रतिमा को भगवान विष्णु के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। 14 जनवरी को उत्तरायण महापर्व पर गर्भगृह में प्रतिमा की स्थापना होगी। इस मौके पर विशाल भक्ति महोत्सव और 15 जनवरी को महाप्रसादी का आयोजन होगा।

# खनियाधाना में शिक्षा जगत की यूथ विंग नई दिशा देने की सोच से आए आगे

**खनियाधाना में नई भर्ती के शिक्षकों ने बनाया सुपर 100ग्रुप**

## अधिकारियों की उपस्थिति में शासकीय अध्यापकों की प्रेरणात्मक बैठक संपन्न

दैनिक रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**



नित्य नए नवाचारों के बीच खनियाधाना में नई भर्ती के शिक्षकों ने अब सुपर हंड्रेड ग्रुप बनाकर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की दिशा बदलने का संकल्प लेते हुए एक से एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यों के बारे बताया तथा संकल्प लिया कि आने वाले समय में हम खनियाधाना के शासकीय स्कूलों को प्रदेश में बेहतर स्थान दिलाएंगे वहींखनियाधाना में आयोजित सुपर हंड्रेड ग्रुप की बैठक में जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपना कार्य ईमानदारी से करना चाहिए, बच्चों का ध्यान रखना चाहिए, और अभिभावकों के साथ अच्छा संपर्क बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने में शिक्षकों के अलावा कोई अन्य उपाय सार्थक नहीं है। जिले की एफएलएन प्रभारी रितिका प्रजापति ने बताया कि ११ जनवरी को पूरे प्रदेश स्तर पर एफएलएन मेले का आयोजन सभी प्राथमिक शालाओं में किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस मेले में कक्षा १ और २ के छात्रों और उनके पालकों को एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड भी दिया जाएगा।

एपीसी हरीश शर्मा जी ने कहा कि प्रेरणात्मक साहित्य पढ़कर अच्छा कार्य करने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। बीआरसीसी संजय भदोरिया ने भी शिक्षकों को संबोधित किया और कहा कि यह जीवन कुछ खास करने के लिए है, और शिक्षकों को अपने कार्य में नवाचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे गांव की शिक्षा का दायित्व शिक्षकों के ऊपर है, और उन्हें अपने कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। संबादमित्र राजेश देव पांडे ने कहा कि "जिंदगी में ग्रोथ, प्रोग्रेस, और सक्सेस प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। इन तीनों में स्पष्ट अंतर है - ग्रोथ का तात्पर्य है शारीरिक और आर्थिक वृद्धि, ग्रोथ में अनुशासन, ईमानदारी, और सिद्धांत जुड़ने पर प्रोग्रेस प्राप्त होती है, और प्रोग्रेस में मानवीयता, नैतिकता, लोक कल्याण जुड़ जाने पर सक्सेस प्राप्त होती है। सफलता प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए।"

इस अवसर पर, गतिविधि पूर्ण कार्य के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया, और बीएसी सीएसी एवं सुपर हंड्रेड ग्रुप की शिक्षिकाएं एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# बैठक में अनुपस्थित प्राचार्य तथा स्कूल संचालकों के विरुद्ध कार्यबाही प्रस्तावित,,,,, डीपीसी

दैनिक रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**

## अपार आईडी तथा स्कूल मान्यता नवीनीकरण को लेकर बैठक संपन्न

पिछोर (शिवपुरी) जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी तथा जिला मुख्यकार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन के निर्देशन पर 8 जनवरी बुधबार को पिछोर के सरकारी तथा निजी स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 12 तक पढ़ने वाले सभी बच्चों की अपार आईडी तैयार की जानी है, इस कार्य को तत्परता से शत प्रतिशत कराने के लिए शिवपुरी जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा अशासकीय विद्यालयों की अपार आईडी एवं स्कूल मान्यता नवीनीकरण के संबंध में पिछोर बीआरसीसी कार्यालय में बैठक ली गई! पिछोर विकासखंड के अंतर्गत 52 अशासकीय विद्यालयों के यू डाइस पोर्टल पर दर्ज 7639 छात्रों में से मात्र 989 छात्रों की अपार आईडी जनरेट हुई है,जिसका प्रतिशत मात्रा 12.9 है! जबकि पिछोर विकासखंड में 18 विद्यालयों ने तो अपार आईडी बनाने का कार्य ही प्रारंभ नहीं किया जो की चिंता का विषय है! अशासकीय विद्यालयों की समग्र पोर्टल पर मैपिंग एवं यू डाइस पर मैपिंग के अंतर की भी समीक्षा की गई डीपीसी द्वारा सभी प्राचार्य तथा स्कूल संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग इस कार्य को गंभीरता से लें तथा तीन दिवस के अंदर इस कर को पूर्ण करें अन्यथा की स्थिति में आप लोग कार्यवाही के लिये तैयार रहे! श्रीमान कलेक्टर महोदय के द्वारा यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है,इसलिए इस कार्य को गंभीरता के साथ जल्दी से जल्दी पूर्ण करें,ताकि जिले की स्थिति शीर्ष पर पहुंच सके! उन्होंने कहा कि



बैठक में जिन विद्यालयों के प्राचार्य तथा स्कूल संचालक उपस्थित नहीं हुए,उनके विरुद्ध कार्यबाही प्रस्तावित करने को कहा गया! बैठक में मुख्य रूप से एपीसी हरीश शर्मा, पिछोर बीआरसीसी सुरेश कुमार गुप्ता, अपार आईडी प्रभारी सुरेश कुमार शर्मा सहित समस्त प्राइवेट स्कूल के संचालक तथा प्राचार्य उपस्थित थे!

# रात्रि गस्त अवैध गतिविधियों को रोकने एवं अपराधियों पर कार्यवाही करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

आज रात्रि मे एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गस्त का निरीक्षण किया एवं थाना पिछोर का औचक निरीक्षण किया।

**जगदीश पाल**



रात्री के समय पुलिस रात्रि गस्त मे अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 08-09.01.2025 की रात्री मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के द्वारा रात्री गस्त मे लगे समस्त बल को चैक किया एवं मुस्तेदी के साथ गस्त करने हेतु निर्देशित किया । रात्री के समय मे ही एसडीओपी पिछोर के द्वारा थाना पिछोर पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया । एसडीओपी पिछोर द्वारा थाना पिछोर पहुंचकर थाने के रजिस्टरों को चैक करते हुये थाने पर की जाने बाली कार्यवाहीयों का जायजा लिया व गस्त मे लगे बल को महत्वपूर्वण बिंदुओं पर निर्देश दिये । एसडीओपी पिछोर द्वारा थाना पिछोर पर निम्न बिंदुओं को चैक किया ।

1. थाना पर एचसीएम उपस्थित मिले थाना भ्रमण किया साफ-सफाई अच्छी पाई गई ।
2. थाना की हवालात चैक किया कोई आरोपी नहीं पाया गया न ही कोई व्यक्ति थाना पर बैठा पाया गया ।
3. थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर अपराध, मर्ग, गुम इन्सान, मेडीकल , गुण्डा, निगरानी रजिस्टर चैक किए गए ।
4. थाना पर लम्बित अपराधो की समीक्षा किया चालान एवं लम्बित मर्ग, गुम इन्सान, माल निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए गए ।
5. थानापर लम्बित गिरफ्तारी वारंट, स्थाई वारंट तामील कराने के निर्देश दिए गए ।
6. सी सी टी एन एस चैक किया गया एवं निरीक्षण रिपोर्ट दर्ज करवाई गई ।

# गायत्री शक्तिपीठ पिछोर में होने वाले 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन महायज्ञ की तैयारी पूर्ण

दैनिक रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**

## भव्य कलशयात्रा के साथ आज होगा शुभारंभ



पिछोर (शिवपुरी) पिछोर नगर में गायत्री शक्तिपीठ पर होने जा रहे 24 कुंडीय महायज्ञ का शुभारम्भ आज शुक्रवार 10 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। जानकारी देते हुये कार्यक्रम संयोजिका गायत्री ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी लोधी ने बताया कि पिछोर के गायत्री शक्तिपीठ पर 24 कुंडीय महायज्ञ एतिहासिक होने जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को भव्य कलशयात्रा व झांकियों के साथ चल समारोह निकाला जायेगा। कलश यात्रा गायत्री मंदिर से कॉलेज चौराहा, अस्पताल चौराहा, चांदनी चौक, खटकयाना मुहल्ला, राजामहादेव, काली माता मंदिर, बडा बाजार , डांक बंगला, बस स्टैण्ड होते हुये आयोजन स्थल गायत्री मंदिर वापस पहुचेगी। कलश यात्रा का पूरे नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया जायेगा। पुष्प वर्षा एवं जलपान के साथ नगर में स्वागत होगा। वहीं 11 जनवरी के देवपूजन, प्रज्ञायोग, ब्यायाम, एवं विभिन्न संस्कार सम्पन्न होंगे। साथ ही 12 जनवरी को सामूहिक जप एवं गायत्री महायज्ञ, कथा प्रवचन व संकल्प दीप महायज्ञ सम्पन्न होगा। अंतिम दिवस 13 जनवरी सोमवार को सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग, सामूहिक शिवाभिषेक, गायत्री महायज्ञ एवं देव विदाई के साथ पूर्णाहूति का आयोजन होगा। अंतिम दिवस को महापूर्णाहुति के साथ प्रसाद वितरण किया जावेगा।

# विश्व हिंदी दिवस

## भारतीय संस्कृति और भाषा का वैश्विक उत्सव




### परिचय

हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हिंदी भाषा की वैश्विक पहचान को प्रोत्साहन देने और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह अवसर हमें हिंदी के महत्व, इतिहास, और इसकी समृद्ध विरासत पर विचार करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

### विश्व हिंदी दिवस का इतिहास

विश्व हिंदी दिवस की शुरुआत 10 जनवरी 2006 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने की थी। यह दिन 1975 में नागपुर में आयोजित पहले विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ के रूप में चुना गया। इस सम्मेलन ने हिंदी को वैश्विक भाषा बनाने का आधार तैयार किया।

### हिंदी की वैश्विक स्थिति

हिंदी, जो भारतीय संस्कृति की आत्मा है, दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में से एक बनने की दिशा में प्रयासरत है। वर्तमान में, हिंदी भाषा को 50 से अधिक देशों में पढ़ाया और बोला जाता है। साथ ही, भारतीय प्रवासी समुदायों ने हिंदी को विदेशों में भी जीवित रखा है।

### महत्व

1. सांस्कृतिक पहचानः हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है।
2. संचार का साधनः हिंदी न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी लाखों लोगों के बीच संवाद का माध्यम है।
3. वैश्विक प्रभावः हिंदी साहित्य, सिनेमा, और सोशल मीडिया के जरिए विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।

### विश्व हिंदी दिवस पर गतिविधियां

हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन। हिंदी लेखन प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम। विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा विशेष आयोजन। स्कूलों और कॉलेजों में हिंदी की उपयोगिता पर व्याख्यान।

### आधुनिक युग में हिंदी की भूमिका

डिजिटल युग में हिंदी ने अपनी विशेष जगह बनाई है। सोशल मीडिया, ब्लॉगिंग, और डिजिटल मीडिया के माध्यम से हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है। टेक्नोलॉजी और हिंदी का मेल भाषा के विकास में एक नई क्रांति ला रहा है।

**निष्कर्षः** विश्व हिंदी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारी मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे बढ़ावा देना और सम्मान देना हमारी जिम्मेदारी है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम हिंदी का अधिकतम प्रयोग करें और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोकर रखें।

हिंदी है, तो हम हैं। हिंदी है, तो भारत है।
जय हिंदी, जय भारत।

## दोपहिया वाहन चोर चुराने वाली गैंग के विरुद्ध इंदौर पुलिस के थाना हीरानगर की प्रभावी कार्यवाही.......



## महंगे दोपहिया वाहन चुराने वाले 02 शातिर चोर, पुलिस थाना हीरानगर इंदौर की कार्यवाही में धराए।

**आरोपियों के कब्जे से चोरी की कुल 07 मोटर सायकल जिसमे 05 बुलेट एवं 01 यामाहा R15 एवं 01 बजाज पल्सर मोटर सायकल कुल कीमती लगभग (15 लाख) बरामद । मुखबिर सूचना, तकनीकी सहायता एवं 100 से अधिक सी. सी. टी. व्ही. कैमरो की मदद से, पुलिस पहुँची आरोपियों तक । आरोपी यंगस्टर होकर दोपहिया वाहन चुराकर उनको बेचकर करते थे, अय्याशी । आरोपी मूलतः अमझेरा जिला धार के निवासी है, जो दिन में इंदौर शहर में आकर करते थे वाहनों की रैकी और रात में आकर देते थे चोरी को अंजाम।**

इंदौर शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्रीं संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन - 3 श्री हंसराज सिंह द्वारा क्षेत्र में वाहन चोरी, मोबाइल / चेन स्नेचिंग आदि घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तजोन -3 श्री रामस्नेही मिश्रा व सहायक पुलिस आयुक्त हीरानगर श्री डी. एस. येवले को विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में पुलिस थाना हीरानगर द्वारा दो शातिर वाहन चोरो को पकड़ने में सफलता मिली है।क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारी हीरानगर निरीक्षक पी. एल. शर्मा पुलिस टीमों को लगाया गया । इसी दौरान दिनांक 08/01/2025 को थाने की टीम द्वारा संदिग्ध वाहनो की चैकिंग के दौरान एक बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसायकल के चालक को रोककर वाहन के दस्तावेज पूछने पर दस्तावेज होने से इंकार किया। नाम पता पूछने पर अपना नाम विशाल कौशल एवं अनुराग वरफा निवासी अमझेरा जिला धार का रहना बताया। जिनसे विस्तृत पूछताछ पर बताया कि, मोटर सायकल उनके द्वारा हीरानगर थाने के विभिन्न जगहों से चुराई है। आरोपी के विरूद्ध थाना हीरानगर के अपराधों में वाहन जब्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। आरोपी अपने शौंक पूरे करने के लिए वाहन चोरी को अंजाम देते थे । आरोपियों द्वारा गाड़ियों की नंबर प्लेट भी निकाल दी जाती थी ताकि वाहनों की पहचान ना हो पाए । आरोपी द्वारा थाना हीरानगर क्षेत्र से 07 दो पहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया है। जिनको जब्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों से उक्त घटना के अतरिक्त अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है जिसमे और भी वाहन की जानकारी मिलने की संभावना है।

### गिरफ्तार आरोपियों का विवरण-

1. विशाल कौशल उम्र 29 साल निवासी ग्राम इडरिया थाना अमझेरा जिला धार।
2. अनुराग बरखा उम्र 23 साल निवासी ग्राम राजपुरा थाना अमझेरा जिला धार।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हीरानगर पी. एल. शर्मा, उनि. महेश चौहान, आर. राघवेन्द्र, आर. रविशंकर, आर. जगदीश, आर. विश्वरतन, आर. जितेन्द्र, आर. अमित, आर. विकास की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



जितु यादव हज़ारो समर्थकों के साथ पहुँचे कमिश्नर कार्यालय ज्ञापन देने


Dr Mohan Yadav
@DrMohanYadav51

इंदौर में श्री कालरा जी के निवास में घुसकर कुछ बदमाशों द्वारा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में पुलिस ने FIR दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य लोगों से पूछताछ करके 9 आरोपियों को चिन्हित किया है, जिसमें से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना में नाबालिक से दुर्व्यवहार भी शामिल था जिस कारण POCSO एक्ट के तहत भी कार्रवाई शामिल है।

पुलिस को निर्देशित किया है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

Translate post

16:34 · 1/9/25 · 114 Views